आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 23.08.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, अनुपूरक बजट सहित आठ विधेयकों को मंजूरी मिली।
- केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुए 156 निश्चित खुराक संयोजन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया।
- पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस आज देशभर में मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा – इसरो का न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में, बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के खनसर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महाकौथिग मेले का शुभारम्भ किया।

विधानसभा सत्र 01

गैरसैंण के भराड़ीसैंण में चल रहे राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। तीन दिवसीय सत्र में अनुपूरक बजट सहित आठ विधेयकों को मंजूरी मिली। इससे पहले आज मानसून सत्र के तीसरे और अंतिम दिन सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। इस दौरान आपदा पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस के सदस्यों ने वेल में आकर सरकार विरोधी नारे लगाए और शोर–शराबा किया। पीठ के चर्चा कराने के आश्वासन के बाद प्रश्नकाल शुरू हुआ। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आपदा के दौरान सरकार ने पूरी गंभीरता के साथ काम किया है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि पुनर्वास नीति 2021 को लागू किया गया है। हर संवेदनशील विषय पर गंभीर होकर सरकार कार्य कर रही है। एक प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि गोपेश्वर पोखरी के अंतर्गत कुल 60 सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और 48 सड़कों पर आवाजाही सुचारू की गई है। बारह सड़कें को सुचारू किया जा रहा है।

वहीं, किसानों से जुड़े सवाल पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि उत्तरकाशी जिले के बड़कोट यमुना घाटी में वर्ष 2022–23 में ओलावृष्टि से प्रभावित कुल 138 कृषकों के आवेदन प्राप्त हुए। जिसके सापेक्ष निरीक्षण समिति की आख्या के आधार पर चयनित बीमा कम्पनी की ओर से 109 कृषकों को 8 लाख 95 हजार की धनराशि प्रभावित किसानों के खाते में हस्तान्तरित कर दी गयी है। एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक्वा पार्क बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है और बजट आवंटित होने के साथ ही पार्क निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है।

मॉनसून सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सदन में हुए कार्यों की जानकारी दी।

दवा प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित 156 दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन 156 दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड – डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

## उप जिला अस्पताल

रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी क्षेत्र में उप जिला अस्पताल के निर्माण की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने आज स्वास्थ और अन्य संबंधित विभागों के साथ चिकित्सालय के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं जल्द पूरा कर अस्पताल निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल गुसाईं ने बताया कि उप जिला अस्पताल के लिए केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके लिए करीब तीन हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जानी है। जिसके तहत जिलाधिकारी के नेतृत्व में गुप्तकाशी, नाला और ल्वारा में भूमि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों जगहों का जियोलॉजिकल और अन्य मानकों पर सर्वे करने के बाद जो स्थान सबसे अधिक उपयुक्त होगा, वहां पर अस्पताल बनाया जाएगा।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसरो ने देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसरो की यात्रा शुरू से ही शानदार रही है। अंतरिक्ष की प्रगति भारत की प्रगति है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे निष्ठावान वैज्ञानिकों ने न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को विश्व के श्रेष्ठतम अंतरिक्ष कार्यक्रमों में स्थान दिलाया है। इसके लिए वे सराहना के पात्र हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि देश में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति होती रहेगी और हम उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करते रहेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इसरो रोबोटिक्स चैलेंज और भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन– 2024 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का इस वर्ष का विषय है 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत की अंतरिक्ष गाथा' जो समाज और प्रौद्योगिकी का अंतरिक्ष अन्वेषण पर गहरे प्रभाव को रेखांकित करती है।

## अंतरिक्ष दिवस प्रदेश

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बागेश्वर जिले के अटल उत्कृष्ट पदम सिंह परिहार राजकीय इंटर कॉलेज वज्यूला में छात्र–छात्राओं ने भाषण, क्विज प्रतियोगिता के साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए विज्ञान की बारिकियों को समझा। चंद्रयान–3 के मॉडल को बनाकर उसके प्रक्षेपण के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि आने वाले समय में चंद्रयान मिशन 3 के माध्यम से, भारत न केवल चंद्रमा की सतह के बारे में ज्ञान का खजाना हासिल करेगा, बल्कि भविष्य में मानव निवास के लिए इसकी क्षमता भी हासिल करेगा। इसके साथ ही चन्द्रयान 3 द्वारा चांद की सतह पर मौजूद तत्वों का गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण किया जाएगा। इस मौके पर छात्र भी काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रतियोगिताओं से काफी कुछ सीखने को मिला। उधर, राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अंतरिक्ष के संबंध में जानकारी दी गई।

महाकौथिग मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के खनसर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महाकौथिग मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्थानीय लोगों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्माष्टमी का यह पावन मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और लोक परंपराओं का प्रतीक है। इन आयोजनों के माध्यम से ही नई पीढ़ी हमारी विरासत से जुड़ती है और यह लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान करते हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ ही देवभूमि की संस्कृति को संवर्धित व संरक्षित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में प्रयास किया है कि हमारी मातृशक्ति आगे आए। मातृशक्ति द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने ''मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना'' शुरू की है। साथ ही हाउस ऑफ हिमालयाज की शुरुआत की है।

आदिवासी समूह

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम–जनमन पर राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा और संचार–आईईसी अभियान शुरू किया है। 10 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों में केंद्र सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है।

संस्कृत सप्ताह

संस्कृत सप्ताह महोत्सव के तहत देहरादून के विभिन्न हिन्दी माध्यम स्कूलों के छात्रों ने एमकेपी कॉलेज से रिस्पना चौक तक संस्कृत जागरुकता रैली निकाली। लक्ष्मण संस्कृत महाविद्यालय की ओर आयोजित इस रैली में छात्रों ने संस्कृत भाषा में लिखी हुई पंक्तियां और स्लोगन की तख्तियां हाथों में ली हुई थी। विद्यार्थियों ने रैली के दौरान आम जनता को संस्कृत भाषा के महत्व के बारे में समझाया।